कार्यालय आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकःएफ.7 (4)अकाद / आकाशि / वी.सी. / 19 / 311-16 दिनांकः 17.6.2019

प्राचार्य,

समस्त राजकीय महाविद्यालय,

राजस्थान।

विषय– सभी राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ दिनांक 19 जून 2019 को अपरान्ह 2:00 से 4:00 बजे तक वीडिया कान्फ्रेसिंग द्वारा संवाद के संबंध में।

महोदय / महोदया,

दिनांक 11 जून 2019 को माननीय उच्च शिक्षा मंत्री महोदय ने उच्च शिक्षा विभाग की विभिन्न गतिविधियों तथा योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान समस्त राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों से वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से संवाद करने के निर्देश प्रदान किये है। इसी अनुक्रम में अनुरोध है कि दिनांक 19 जून 2019 को अपरान्ह 2 से 4 बजे के माध्य वीडियो कान्फ्रेसिंग में समस्त राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य तथा प्रतियोगिता दक्षता प्रकोष्ठ प्रभारी एवं अन्य उपयुक्त अधिकारी जिसे प्राचार्य उचित समझें, उपस्थित रहे।

1. जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य जिला कलक्टर / जिला परिषद परिसर में स्थित DOITC वाले वीडियो कान्फ्रेंस केन्द्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें।
2. ब्लॉक स्तर पर स्थित राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य, पंचायत समिति मुख्यालय में स्थापित DOITC वाले वीडियो कान्फ्रेंस केन्द्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें।
3. शेष महाविद्यालयों के प्राचार्य निकटतम पंचायत समिति मुख्यालय में स्थापित DOITC वाले वीडियो कान्फ्रेंस केन्द्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

इस वीडियो कान्फ्रेसिंग को माननीय मंत्री महोदय के अलावा सचिव, उच्च शिक्षा विभाग भी सम्बोधित करेंगे। इस वीडियो कान्फ्रेसिग में चर्चा के निम्न बिन्दु होगे–

1. दिनांक 1 जुलाई 2019 से टॉपिकवार नियमित कक्षायें प्रारम्भ करने की रणनीति पर चर्चा।
2. महाविद्यालयों में प्रवेश की प्रगति।
3. दिनांक 13 जुलाई 2019 को आयोजित होने वाली सामान्य ज्ञान प्रतियोगी परीक्षा के आयोजन की तैयारी।
4. दिनांक 15 जुलाई 2019 से प्रतियोगिता दक्षता की कक्षायें प्रारम्भ करने की रणनीति पर चर्चा।
5. रूसा योजना के संबंध में तथा NAAC एक्रीडेशन के संबंध में चर्चा।
6. लेखानुदान में घोषित योजनायें RACE एवं AAP पर चर्चा।
7. महाविद्यालयों में अनुपयोगी सामग्री के निस्तारण के संबंध में चर्चा।
8. आगामी बजट सत्र (विधान सभा) के दृष्टिगत तैयारी के संबंध में चर्चा।
9. अन्य बिन्दु ।

प्रदीप कुमार बोरड़, IAS
आयुक्त, कालेज शिक्षा एवं
विशिष्ट शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राजस्थान

क्रमांकःएफ.7 (4)अकाद / आकाशि / वी.सी. / 19 / दिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. समस्त संयुक्त निदेशक, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि इस बैठक में ब्लॉक–6 में स्थित वीडियो कान्फ्रेसिंग हॉल में उपस्थित रहेंगे।
3. तकनीकी निदेशक, सूचना, प्रौद्योगिक एवं संचार विभाग, राजस्थान, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि इस वीडिया कान्फ्रेंसिंग हेतु संबंधित को आवश्यक व्यवस्था हेतु निर्देशित करें।
4. सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर / अजमेर / कोटा / भरतपुर / जोधपुर / बीकानेर / उदयपुर इस बैठक में उपस्थित रहेंगे।
5. वैब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को मेल / अपलोड करने हेतु।

प्रदीप कुमार बोरड़, IAS
आयुक्त, कालेज शिक्षा एवं
विशिष्ट शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राजस्थान